पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.)/084/2012-14 प्रकाशितः 1.12.2012 इस अंक का मूल्य 2 रुपये

।। ओ३म् ।।




# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-*110007*, चलभाष : 9810117464, 9868051444

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश प्रान्तीय बैठक**

शनिवार 8 दिसम्बर 2012
प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक
आर्य समाज, थापर नगर, मेरठ
(बस अड्डे के समीप)

मुख्य अतिथिः
**डॉ. अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष**
सभी आर्य युवक, आर्य बन्धु समय पर पहुंचे

भवदीय

| आनन्द प्रकाश आर्य | प्रवीण आर्य | राजेश सेठी |
|---|---|---|
| प्रान्तीय अध्यक्ष | प्रान्तीय महामन्त्री | संयोजक |


वर्ष-29 अंक-13 मार्गशीर्ष-2069 दयानन्दाब्द 189 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2012 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.


E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## प्रखर हिन्दुत्ववादी, निर्भीक वक्ता, दृढ़ प्रतिज्ञ थे बाला साहब ठाकरे

### दिल्ली की आर्य समाज, विश्व हिन्दू परिषद्, आर.एस.एस., हिन्दू महासभा, राष्ट्रवादी शिवसेना ने दी श्रद्धांजलि








रविवार 25 नवम्बर 2012, शिवसेना प्रमुख श्री बाला साहब ठाकरे की स्मृति में दिल्ली की विभिन्न हिन्दु संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा व संकल्प दिवस का आयोजन, उदासीन आश्रम, पहाड़गंज, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, भाजपा नेता श्री ओम प्रकाश कोहली, विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंघल व साथ में संयोजक श्री जय भगवान गोयल। इस अवसर पर श्री महेन्द्र भाई, श्री चम्पत राय, श्री चन्द्र प्रकाश कौशिक, स्वामी ओम जी, जत्थेदार श्री रछ पाल सिंह, श्री मनोहर लाल कुमार, ठाकुर विक्रम सिंह, डॉ. वरूण वीर, स्वामी नरसिंहनन्द आदि ने विचार व्यक्त किए।

## आर्य समाज मालवीय नगर का उत्सव व सार्वदेशिक सभा में बैठक सम्पन्न

रविवार 25 नवम्बर 2012, आर्य समाज मालवीय नगर, नई दिल्ली का वार्षिकोत्सव व दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मण्डल के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस सौल्लास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ऋषि ट्रैक्ट का विमोचन करते डॉ. योगानन्द शास्त्री (अध्यक्ष दिल्ली विधान सभा), महाशय धर्मपाल (एम.डी.एच), डॉ. अनिल आर्य, स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती, विनोद कद (प्रधान), श्री गोबिन्द लाल नागपाल (लेखक), श्री भानु प्रकाश शास्त्री (बरेली), श्री आरक्षित शास्त्री। समारोह का कुशल संचालन श्री चतर सिंह नागर व श्री लाजपत राय बत्रा ने किया। द्वितीय चित्र में दिनांक 20 नवम्बर 2012 को सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की धन्यवाद बैठक दयानन्द भवन, आसिफ अली रोड में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कर्मठ कार्यकर्त्ताओं का अभिनन्दन किया गया। उपरोक्त चित्र में बाएं से माता शकुन्तला आर्य (पूर्व महापौर), स्वामी श्रद्धाननद सरस्वती, स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, श्री माया प्रकाश त्यागी, बैद्य इन्द्रदेव व डॉ. अनिल आर्य

## आर्य समाज नजफगढ़ की शताब्दी व गुरुकुल खेड़ाखुर्द का उत्सव सम्पन्न





रविवार 18 नवम्बर 2012, दिल्ली देहात की प्रमुख समाज आर्य समाज नजफगढ़ का शताब्दी समारोह 16,17 व 18 नवम्बर 2012 को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए। द्वितीय चित्र में गुरुकुल खेड़ाखुर्द का उत्सव दृश्य, डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए साथ में मन्त्री श्री जोगिन्दर मान, राष्ट्रीय कवि डॉ. सारस्वत मोहन मनीषी, पार्षद श्री आजाद सिंह व आचार्य सुंधाशु दिखाई दे रहे हैं। गुरुकुल के प्रधान श्री ब्रह्म प्रकाश मान ने सभी का धन्यवाद किया।

# चीन का उभरता खतरा

– डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री

हिन्द महासागर में चीन की गतिविधियां जिस तेजी से बढ़ रही हैं उससे भारत का चिंतित होना स्वाभाविक ही है। अभी तक चीन का खतरा भारत के हिमाचल क्षेत्र तक ही सीमित था। तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद भारत के पड़ोस में चीन आ गया। चीन के पड़ोसी बन जाने से भारत और नेपाल दोनों ही उसकी मार की जद में आ गए हैं। भारत तो 1962 में इसका खामियाजा भुगत भी चुका है। नेपाल को इस प्रकार का सबक सिखाने की जरूरत चीन को इसलिए नहीं है कि वहां माओवादियों की सहायता से वैसे ही भारत विरोधी वातावरण बनाया जा सकता है और चीन इसमें कुछ सीमा तक कामयाब भी हुआ है। चीन की लोकमुक्ति सेना अभी भी भारत की उत्तरी सीमा पर डेरा डाल के बैठी है और तिब्बती पठार का इस्तेमाल भारत भूमि पर आक्रमण करने के लिए माध्यम के तौर पर कर रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए चीन ने तिब्बत में सड़कों का जाल बिछाया है, रेलवे लाइन ल्हासा तक बिछा दी है और अब इसे भारत और नेपाल की सीमा तक लाने की तैयारियां हो रही है। उत्तरी सीमांत ऐसा क्षेत्र है जहां चीन के खतरे को भारत सरकार भी समझती है। यह अलग बात है कि इसका मुकाबला करने के लिए भारत सरकार की नीति चीन के तुष्टिकरण की ही रही है। उसी के परिणामस्वरूप तिब्बत पर चीन का कब्जा और 1962 में भारत को अपमानजनक पराजय का सामना करना पड़ा। यह ठीक है कि 1962 के बाद भारत ने हिमालय पर चीनी खतरे को देखते हुए अपनी तैयारियां तेज की हैं। लेकिन इसके साथ तुष्टिकरण की नेहरूवादी नीति को भी नहीं छोड़ा है। चीनी सेना के साथ सांझा सैनिक अभ्यास एक प्रकार से भारतीय सेना और जनता के मनोबल को गिराने वाले ही सिद्ध होंगे। चीन के राजदूत दिल्ली में बैठकर ही बाकायदा प्रेस कान्फ्रेंस करके अरूणाचल प्रदेश पर अपने देश का दावा जताते हैं लेकिन भारत सरकार इस पर भी अपनी चुप्पी साधना ही श्रेयस्कर मानती है। चीनी रक्षा मन्त्री भारत में आकर अपमानजनक ढंग से भारतीय वायुसेना के अधिकारियों को लाख-लाख रूपये बांटते हैं और सरकार इसे भी नजरअंदाज करने में ही बेहतरी समझती है। चीनी तुष्टिकरण का यह आधुनिक संस्करण है। इधर चीन ने भारत को घेरने के लिए अपने क्षेत्र का विस्तार किया है। अब वह हिमालयी क्षेत्र छोड़कर हिंद महासागर में भी अपने पांव पसार रहा है। हिंद महासागर में टापू देशों मालदीव, श्रीलंका, मॉरिशिस और सैशल्ज का अत्यधिक महत्व है। भारत की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि इन टापू में किसी दूसरे देश की दखलअंदाजी खासकर ऐसे देशों की जो भारत को अपना शत्रु मानते न हो लेकिन पिछले कुछ वर्षो से चीन ने इन देशों में अपनी गतिविधियां खतरनाक ढंग से बढ़ा दी हैं। मालदीव में विकास कार्यो के नाम पर चीन वहां बेशुमार पैसा खर्च कर रहा है। मॉरिशिस भारत का स्वाभाविक साथी देश है उसे एक प्रकार से लघुभारत भी कहा जाता है। लेकिन मॉरिशिस में भी सहायता के नाम पर चीन अपना प्रभाव जमा रहा है। तमिल समस्या को लेकर उपजे विवाद के कारण श्रीलंका में भारत के प्रति बदलते रूप के कारण उपजे वातावरण ने चीन को घुसपैठ के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है। अभी तक हिंद महासागर में भारत को छोड़कर और किसी शक्ति की दखलअंदाजी नहीं थी लेकिन यदि सागर में चीन की गतिविधियां इसी प्रकार बढ़ती रहीं तो जल्दी ही यह जल क्षेत्र भारत के लिए नई चुनौती उपस्थित कर सकता हैं। अपनी इसी नीति के अंतर्गत चीन ने पाकिस्तान में ब्लूचिस्तान के साथ लगते जलक्षेत्र में ग्वादर बदरगाह का निर्माण किया है। भारत के लिए खासकर चीन को लेकर अध्ययन कर रहे विद्वानों के लिए यह जरूरी है कि चीन की इन गतिविधियों को देखते हुए उसका समुचित तोड़ उपस्थित किया जाए। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत को केवल इस क्षेत्र में चीनी गतिविधियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने की बजाय अपने राष्ट्रीय हितों का एजेंडा ही तय करना चाहिए।

## स्वामी धर्ममुनि जी को 77वें जन्मोत्सव पर बधाई

आत्मशुद्धि आश्रम बहादुरगढ़ के संस्थापक स्वामी धर्ममुनि जी दुग्धाहारी का 77वां जन्मोत्सव मंगलवार 20 नवम्बर 2012 को धूमधाम से मनाया गया। युवा उद्घोष की ओर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## आर्य समाज राँची का 119वां स्थापना दिवस

आर्य समाज स्वामी श्रद्धानन्द पथ, राँची, झारखण्ड के 119वें स्थापना दिवस पर यजुर्वेद परायण महायज्ञ 22 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2012 तक आयोजित किया जा रहा है। आप सादर आमंत्रित है। –प्रेमप्रकाश आर्य, प्रधान, पूर्णचन्द्र आर्य-मन्त्री

## गुरुकुल गौतमनगर का 79वां वार्षिकोत्सव

श्रीमद्दयानन्द वेदार्ष महाविद्यालय गौतमनगर नई दिल्ली का 79वां वार्षिकोत्सव एवं 33वां चतुर्वेद ब्रह्मपारायण महायज्ञ 26 नवम्बर 2012 से रविवार 16 दिसम्बर 2012 तक आयोजित किया जा रहा है। सभी आर्य बन्धु सादर आमन्त्रित है।

स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती, आचार्य

## जीन्द प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन 9 दिसम्बर को

नशाबन्दी परिषद् हरियाणा के तत्वावधान में स्वामी रामवेश जी के संयोजन में हरियाणा प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन रविवार 9 दिसम्बर 2012 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक महर्षि दयानन्द योग चिकित्सा आश्रम, 3705, अर्बन एस्टेट, जीन्द में आयोजित किया जा रहा है। भारी संख्या में पहुंचकर सफल बनाए।

## श्री सुरेन्द्र लाल आर्य प्रधान निर्वाचित

गिरधारी लाल आर्य महर्षि दयानन्द संस्थान, आर्य समाज लेन, कोटद्वार गढ़वाल के चुनाव में श्री सुरेन्द्र लाल आर्य आर्य तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री चक्रधर शर्मा , श्री जगमोहन भारद्वाज-संरक्षक, कै. प्रेम लाल खन्तवाल व वीर सिंह उपाध्यक्ष, वीरेन्द्र देवरानी- सचिव, जयदीप कुमार-उपसचिव, रमेश चन्द्र रजबाल प्रचार-सचिव, बचन सिंह गुसाई-कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र जजेड़ी- लेखा निरीक्षक, आचार्य धर्मसिंह शास्त्री, पं. उमेश सिंह बिशारद, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, दर्शन लाल चौधरी निदेश चुने गए। सभा की अध्यक्षता श्री बी.डी. उडियाल ने की।


दिल्ली चलो- आर्यो    दिल्ली चलो- आर्यो    दिल्ली चलो- आर्यो

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 34वें वार्षिकोत्सव पर**

सानिध्यः स्वामी सुमेधानन्द जी, स्वामी दिव्यानन्द जी, स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी धर्ममुनि जी, स्वामी प्रणवानन्द जी

आचार्य अखिलेश्वर जी महाराज के ब्रह्मत्व व डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता में

**251 कुण्डीय विराट यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन**

दिनांकः 25, 26, 27, जनवरी 2013 (शुक्र, शनि व रविवार)

स्थानः रामलीला मैदान, अशोक विहार-1, दिल्ली (निकट मैट्रो स्टेशन कन्हैया नगर)

विराट् शोभा यात्रा, शुक्रवार 25 जनवरी 2013 प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगी।

दिल्ली से बाहर के आने वाले आर्य बंधु आवास व्यवस्था हेतु शीघ्र सूचित करें व इस रचनात्मक कार्यक्रम हेतु अपनी दान राशि क्रॉस चैक/ड्राफ्ट द्वारा ''केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली'' के नाम कार्यालय के पते पर भिजवाने की कृपा करें। आप ऋषि लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाईन्ड, सब्जी, मसाले आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें।

# सार्वदेशिक सभा संचालन समिति की विस्तारित सूची

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा का संचालन मई, 2009 से सार्वदेशिक सभा के लिए गठित संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है। परन्तु इस संचालन समिति का आकार बहुत ही सूक्ष्म होने के कारण सभी प्रान्तों के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व इस संचालन समिति में नहीं हो पा था। इसीलिए इस संचालन समिति को विस्तारित करने की आवश्यकता प्रतीत हुई जिसके आलोक में सार्वदेशिक सभा की संचालन समिति को निम्न प्रकार विस्तारित किया जा रहा हैः-

1. स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, चम्बा
2. स्वामी विवेकानन्द सरस्वती, मेरठ
3. स्वामी आर्यवेश, दिल्ली
4. श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता, मुम्बई
5. श्री सत्यव्रत सामवेदी, राजस्थान
6. प्रो. विट्ठलराव आर्य, आन्ध्र प्रदेश
7. प्रो. स्वतन्त्र कुमार, हरिद्वार
8. वैद्य इन्द्रदेव आर्य, दिल्ली
9. श्री श्रीराम आर्य, कलकत्ता
10. स्वामी धर्मानन्द सरस्वती, उड़ीसा
11. श्री देवेन्द्र पाल वर्मा, उत्तर प्रदेश
12. पं. माया प्रकाश त्यागी, गाजियाबाद
13. आचार्य यशपाल, हरियाणा
14. स्वामी ओमवेश, उत्तर प्रदेश
15. श्री महेन्द्र सिंह शास्त्री, हरियाणा
16. स्वामी रामवेश, हरियाणा
17. श्री अनिल आर्य, दिल्ली
18. माता शकुन्तला आर्या, दिल्ली
19. श्री प्रेमपाल शास्त्री, दिल्ली
20. श्री गोपाल शर्मा, कुरुक्षेत्र
21. श्री प्रेम भारद्वाज, पंजाब
22. श्री ओम प्रकाश आर्य, पंजाब
23. प्रिं. कृष्णचन्द्र, हिमाचल प्रदेश
24. श्री गोविन्द भण्डारी एडवोकेट, उत्तराखण्ड
25. श्री जयनारायण अरूण, उत्तर प्रदेश
26. श्री रामानन्द प्रसाद, पटना
27. श्री आर्य कुमार ज्ञानेन्द्र, उड़ीसा
28. श्री पूर्ण चन्द्र आर्य, झारखण्ड
29. डॉ. कमल नारायण आर्य, छत्तीसगढ़
30. प्रिं. सदाविजय आर्य, महाराष्ट्र
31. डॉ. लक्ष्मी नारायण भार्गव, विदर्भ
32. डॉ. लक्ष्मणदास आर्य, मध्य भारत
33. श्री विरजानन्द आर्य, राजस्थान
34. डॉ. धर्मपाल आर्य, दिल्ली
35. श्री वेद प्रकाश भल्ला, दिल्ली
36. स्वामी सोम्यानन्द, उत्तर प्रदेश
37. डॉ. दयानन्द आर्य, दिल्ली
38. श्री महेन्द्र भाई, दिल्ली
39. श्री अरूण अबरोल, मुम्बई
40. श्री मधुर प्रकाश, दिल्ली
41. श्री राम सिंह आर्य, जोधपुर
42. श्री सुबोध चन्द्र, तमिलनाडू
43. स्वामी श्रद्धानन्द, पलवल
44. डॉ. ओम प्रकाश मान, दिल्ली
45. श्री अनिल शर्मा, नागपुर
46. आचार्य रामानन्द, शिमला
47. श्री देवराज आर्य, उत्तराखण्ड
48. श्रीमती गायत्री मीणा, नोएडा
49. श्री विद्यासागर वर्मा, पूर्व राजदूत
50. श्री बलजीत सिंह आदित्य, दिल्ली
51. श्री रमाकान्त सारस्वत, उत्तर प्रदेश

## श्री महेन्द्र भाई योग शिक्षक बनें



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय महामन्त्री श्री महेन्द्र भाई ने भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित 15 दिवसीय योग शिक्षक शिविर में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। तदर्थ युवा उद्घोष की ओर से बधाई व शुभकामनाएं। **-सम्पादक**

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 137वीं जयन्ती सम्पन्न

नागरिक परिषद् दिल्ली के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 137वीं जयन्ती आर्य सभागार देसराज परिसर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली में मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता श्री उदय प्रताप सिंह ने की। उच्चतम न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश श्री रमेश चन्द्र लाहोटी ने कहा कि अत्यधिक विनम्रता और समझौता परस्ती से हम राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकेंगे। मंजिल पाने के लिए दृढ़ता जरूरी है। उन्होंने एक शेर पड़ा 'समझौतों की खातिर सबसे अपना नाता टूट गया। इतने घुटने टेके हमने, अपना घुटना टूट गया। प्रधान वीरेश प्रताप चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आर्य समाज सैक्टर-33, नोएडा का वार्षिक उत्सव

आर्य समाज सैक्टर-33 का वार्षिक उत्सव दिनांक 12 से 16 दिसम्बर 2012 तक आयोजित किया जा रहा है। समापन समारोह रविवार 16 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से 1:00 बजे तक होगा। -कै. अशोक गुलाटी, प्रधान, डॉ. जयेन्द्र आचार्य

### शोक समाचारः विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती सूरती देवी (माता श्री मकेन्द्र कुमार, फरीदाबाद) का गत 30.10.2012 को निधन।
2. श्रीमती शांति देवी चावला (सोनीपत) का गत दिनों निधन हो गया।
3. श्री नरेन्द्र पाहूजा (पति श्रीमती पुष्पा पाहूजा) का गत दिनों निधन हो गया।
4. श्रीमती राजेश्वरी देवी (सुपुत्री स्व. पं. गुलाब सिंह राघव) का गत दिनों निधन हो गया।

।।ओ३म्।।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा

WORLD COUNCIL OF ARYA SAMAJ



दयानन्द भवन, 3/5, आसफ अली रोड (रामलीला मैदान), नई दिल्ली-110002
Dayanand Bhawan, 3/5, Asaf ali Road (Ramlila Ground), New Delhi-110002

पत्रांक :-फा. सं. सार्व. आ. प्र.सभा/12/221. दिनांक:-20-11-2012

### संस्तुति पत्र

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा यह संस्तुति की जाती है कि **केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत)** आर्य समाज की युवा पीढ़ी का उभरता हुआ संगठन है। इस संस्था के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य एवं महामन्त्री श्री महेन्द्र भाई जी हैं। यह संगठन इस समय राष्ट्रीय स्तर पर युवा पीढ़ी को आर्य समाज के सिद्धान्तों के अनुरूप प्रशिक्षित करने का व्यापक प्रयास कर रहा है। इस संगठन द्वारा समय-समय पर देश की राजधानी दिल्ली एवं राज्यों में युवाओं के चारित्रिक निर्माण शिविर तथा अन्य सामाजिक व राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहते हैं।

**सभी आर्य समाजों/आर्य प्रतिनिधि सभाओं/आर्यजनों से अपील की जाती है कि इस संगठन के द्वारा दिनांक 25 से 27 जनवरी-2013 तक देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान, अशोक विहार, फेज-1, दिल्ली-52 में आयोजित किये जाने वाले 251 कुण्डीय विराट यज्ञ व अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन के लिए तन-मन-धन से सहयोग करके कार्यक्रम को सफल बनायें और हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर संगठन शक्ति का परिचय दें।**

**सार्वदेशिक सभा की ओर से हम इस संगठन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।**

(स्वामी आर्यवेश)
संयोजक
मो.:-09013783101

(स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती)
प्रधान
मो.:-09418012871

**सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, संचालन समिति**
''दयानन्द भवन'' 3/5, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002

दूरभाष : 011-23274771, 23260985, टेलीफैक्स : 011-23274216
ई-मेल : sarvadeshik@yahoo.co.in
वैबसाईट : www.vedicaryasamaj.com

# गाजियाबाद में कार्यकर्त्ता बैठक व आर्य समाज काठमण्डी सोनीपत का उत्सव सम्पन्न





रविवार 18 नवम्बर 2012 आर्य केन्द्रीय सभा गाजियाबाद व केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की आर्य कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, नया आर्य नगर गाजियाबाद में सौल्लास सम्पन्न हुई तथा जनवरी 2013 के आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने का सभी ने आश्वासन दिया। उपरोक्त चित्र में समाजसेवी श्रीमती आशा रानी आर्या को आर्य महिला रत्न अवार्ड से सम्मानित करते डॉ. अनिल आर्य, डॉ. वीर पाल विद्यालंकार, श्री प्रवीण आर्य, सभा प्रधान श्री सुभाष सिंघल, श्री यज्ञवीर चौहान, श्री राजेश शास्त्री, व श्री जयपाल त्यागी। द्वितीय चित्र में बुधवार 28 नवम्बर 2012 को आर्य समाज काठमण्डी सोनीपत के वार्षिक उत्सव पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा को सम्मानित डॉ अनिल आर्य, श्री कपिल दाहिया (प्रधान), श्री महेन्द्र भाई, आचार्य कृष्ण प्रसाद कोटिल्य आदि।

# श्री गिरीश खोसला-गोपाल दुर्गा का स्वागत व डॉ. सुन्दर लाल कथूरिया की पुस्तक का विमोचन






वीरवार 15 नवम्बर 2012 को दिल्ली हाट पीतमपुरा में आयोजित महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् ने अमेरिका से पधारे श्री गिरिश खोसला व श्री गोपाल दुर्गा का स्वागत किया। साथ में डॉ. अनिल आर्य, श्री प्रदीप तायल, पार्षद श्रीमती रेखा गुप्ता, देवेन्द्र भगत, प्रकाशवीर शास्त्री, चौधरी नाहर सिंह। द्वितीय चित्र में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन रोहिणी दिल्ली में डॉ. सुन्दर लाल कथूरिया की पुस्तक 'न्याय दर्शन की मान्यताएं' का विमोचन करते आचार्य बलदेव जी, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, श्री अजय कुमार, स्वामी प्रणवानन्द जी व आचार्य विजय पाल जी। युवा उद्घोष की ओर से हार्दिक बधाई।

# आर्य समाज पूर्वी पंजाबी बाग का उत्सव व मानव सेवा प्रतिष्ठान छात्रवृति समारोह सम्पन्न

रविवार 25 नवम्बर 2012, आर्य समाज पूर्वी पंजाबी बाग नई दिल्ली का उत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए श्री रवि चड्डा, श्री बलदेव जिंदल, श्री रमेश गिरोत्रा बधाई के पात्र हैं। द्वितीय चित्र में मानव सेवा प्रतिष्ठान का 15वां छात्रवृति एवं अभिनन्दन समारोह 10 नवम्बर 2012 को गुरुकुल गौतमनगर नई दिल्ली में स्वामी प्रणवानन्द जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ योगानन्द शास्त्री उद्बोधन देते हुए। समारोह को सफल बनाने में सोमदेव शास्त्री, हरवीर शास्त्री, राजवीर सिंह शास्त्री, रामपाल शास्त्री, चन्द्रदेव शास्त्री, वेदवीर शास्त्री का सराहनीय योगदान रहा।

# आर्य समाज रमेश नगर-पटेल नगर का उत्सव व श्री केवल कृष्ण सेठी का अभिनन्दन

बुधवार 28 नवम्बर 2012 आर्य समाज रमेश नगर नई दिल्ली का वार्षिक उत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में विशेष अतिथि डॉ. अनिल आर्य का स्वागत करते हुए समाज के प्रधान श्री नरेन्द्र आर्य सुमन व मन्त्री श्री सत्यपाल नारंग व आचार्य सतीश सत्यम, आचार्य उर्षबुध जी दिखाई दे रहे हैं। द्वितीय चित्र में आर्य समाज पटेल नगर नई दिल्ली में डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए व मंच पर आचार्य अखिलेश्वर जी व समाज के प्रधान श्री पुरूषोत्तम आनन्द दिखाई दे रहे हैं। तृतीय चित्र में आर्य समाज प्रताप नगर दिल्ली के मन्त्री श्री केवल कृष्ण सेठी का अभिनन्दन करते सार्वदेशिक सभा के संयोजक स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी सुमेधानन्द जी व श्री मायाप्रकाश त्यागी।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970